सिवनी

शब्दबाणों का प्रहार

# राष्ट्रबाण

मध्य भारत का सबसे लोकप्रिय अखबार

संपादक : संजय बघेल

गुरुवार 12 मार्च 2026 | E-PAPER: www.rashtrabaan.in ● वर्ष : 10 ● अंक : 312 ● पृष्ठ : 06 ● मूल्य : 5.00 रुपए

www.facebook.com/rashtrabaan www.twitter.com/rashtrabaan




@ PG 2

## न्यूज ब्रीफ

### जम्मू-कश्मीर में घुसपैठ के दौरान ढेर आतंकी की पहचान

**नईदिल्ली।** जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में मंगलवार को एलओसी पर घुसपैठ की कोशिश के दौरान मारे गए आतंकवादी की पहचान हो गई है। बुधवार को सेना के अधिकारी ने बताया कि, आंतकवादी पाकिस्तान के आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा का लॉन्चिंग ऑपरेटिव था। उसकी पहचान हमजा यूसुफ है, जो पीओके का रहने वाला था। दरअसल, मंगलवार दोपहर करीब 3 बजे नौशेरा सेक्टर के झंगर इलाके में दो आतंकवादी सीमा पार से घुसने की कोशिश कर रहे थे।

### ईरान से 100 भारतीय स्टूडेंट्स गुरुवार को लौटेगा

**तेल अवीव।** ईरान में पढ़ रहे 100 भारतीय स्टूडेंट्स का पहला बैच गुरुवार के रास्ते अर्मेनिया बॉर्डर से निकलेगा। स्टूडेंट्स एसोसिएशन के कन्वीनर ने बताया कि, तेहरान यूनिवर्सिटी ऑफ़ मेडिकल साइंसेज (अस्रू), ईरान यूनिवर्सिटी ऑफ़ मेडिकल साइंसेज (ढ्ढस्रू), और शाहिद बेहेश्टी यूनिवर्सिटी ऑफ़ मेडिकल साइंसेज (स्क्चस्रू) में एनरोल्ड स्टूडेंट्स को दो इवैक्युएशन रूट दिए गए हैं, एक आर्मेनिया का दूसरा अजरबैजान का। अधिकारी और स्टूडेंट ग्रुप यह पक्का करने के लिए कोऑर्डिनेट कर रहे हैं कि जो लोग जाना चाहते हैं, वे तय एग्जिट पॉइंट तक सुरक्षित यात्रा कर सकें।

### दिल्ली आबकारी नीति केस को दूसरी बेंच को ट्रांसफर करें: केजरीवाल

**नईदिल्ली।** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल और वरिष्ठ नेता मनीष सिसोदिया ने बुधवार को दिल्ली हाईकोर्ट के जस्टिस को पत्र लिखकर आबकारी नीति मामले की सुनवाई मौजूदा जज से हटाकर किसी अन्य जज को ट्रांसफर करने की अपील की। दोनों नेताओं ने कहा मामले की निष्पक्ष सुनवाई जरूरी है। यह मामला दिल्ली सरकार की पूर्व आबकारी नीति से जुड़ा है, जिसकी जांच सीबीआई, ईडी समेत कई एजेंसियां कर रही हैं।


राष्ट्रबाण

अगर आपको नहीं मिल रहा है आपका लोकप्रिय अखबार राष्ट्रबाण तो आज ही अपने हॉकर से बोलिए या हमे कॉल कीजिए

सिर्फ 100 रुपए महीना

संपर्क : 7000427433


# स्पीकर बिरला के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव खारिज

## शाह बोले- आंख मारने वाले स्पीकर पर सवाल उठा रहे ; विपक्ष ने माफी मांगो के नारे लगाए

राष्ट्रबाण | नईदिल्ली | एजेंसी | rashtrabaan.in

**लोकसभा** में बुधवार को स्पीकर ओम बिरला को पद से हटाने वाला अविश्वास प्रस्ताव ध्वनिमत से खारिज हो गया। उन पर सदन की कार्यवाही के दौरान भेदभाव करने का आरोप था।

इससे पहले गृह मंत्री अमित शाह ने 56 मिनट तक जवाब दिया। उन्होंने इस दौरान राहुल गांधी और कांग्रेस पर जमकर हमला बोला और गिनाया कि 17वीं, 18वीं लोकसभा में बोलने के लिए कितना समय मिला। उन्होंने साफ कहा कि सदन नियम से चलेगा। स्पीकर को नियमों के उल्लघंन पर रोकने और टोकने का अधिकार है। ये सदन मेला नहीं है, जो नियम से नहीं चलेंगे,उनका माइक बंद होगा।

शाह ने नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का नाम लिए बिना कहा, अरे भाई यहां नियमों से बोलना पड़ता है, यहां इतने वरिष्ठ सदस्य बैठे हैं, मुझे तो अभी भी नहीं मालूम पड़ता कि शशि थरूर, बालू साहब बैठे हैं, क्यों नहीं सिखाते उन्हें।

ये पीएम मोदी से आकर गले लग जाते हैं। आंख मारते हैं। फ्लाइंग किस देते हैं। मुझे तो बोलने में भी शर्म आती है। किसी के भी सामने हम एक अंगुली दिखाते हैं तो 4 अंगुलियां अपनी तरफ भी दिखती है। इससे पहले रविशंकर प्रसाद ने राहुल गांधी और विपक्ष पर कई आरोप लगाए। इस पर राहुल गांधी ने कहा कि हम जब भी बोलने को होते हैं हमे रोका-टोका जाता है। उन्होंने कहा कि यह चर्चा लोकतंत्र और स्पीकर की भूमिका पर है।



### शाह ने गिनाया, कांग्रेस- राहुल को सदन में कितना समय मिला

- कितना बोलना है इसके लिए कुछ नियम बने हैं। 17वीं लोकसभा कांग्रेस को 157 घंटे 55 मिनट का समय दिया गया। जबकि उनके 52 सदस्य थे। कांग्रेस को भाजपा से 6 गुना ज्यादा समय दिया गया। जबकि भाजपा के पास 6 गुना ज्यादा सदस्य थे
- 18वीं लोकसभा में भी कांग्रेस को भाजपा से दो गुना समय मिला। नेता प्रतिपक्ष कहते हैं कि हमें बोलने नहीं दिया जाता। मगर बोलने का मौका आता है तो जर्मनी में होते हैं इंग्लैंड में होते हैं। फिर शिकायत करते हैं।
- 18वीं लोकसभा में 157 घंटे 55 मिनट कांग्रस के सदस्य बोले। मैं विपक्ष नेता से पूछना चाहता हूं कि आप तब क्यों नहीं बोले। किसने रोका था। वो तो आपका अधिकार है कि आपकी पार्टी से कौन बोलेगा।
- विपक्ष के नेता स्पीकर के खिलाफ प्रस्ताव पर भी कुछ नहीं बोलते। फिर प्रस्ताव लाते क्यों है। एक तो बोलना नहीं चाहते हैं। बोलना चाहते हैं कि नियम अनुसार नहीं बोलना चाहते हैं।
- वक्फ संशोधन-धारा 370 जैसी चर्चाओं से राहुल गायब रहे। एसआईआर पर चर्चा थी। विपक्ष के नेता को बोला गया कि आप बोलिए। उन्होंने सदन डिस्टर्ब किया। उनको अचानक एक आइडिया आया कि मेरी प्रेस कॉन्फ्रेंस पर चर्चा हो।

# भारत आ रहे थाई जहाज पर होर्मुज स्ट्रेट में हमला

## ओमान की नौसेना ने 20 क्रू मेंबर का रेस्क्यू किया, 3 अभी भी लापता

राष्ट्रबाण | तेल अवीव | एजेंसी | rashtrabaan.in

भारत आ रहे थाईलैंड के एक कार्गो जहाज पर होर्मुज स्ट्रेट में हमला हुआ है। ओमान के पास चल रहे इस जहाज को प्रोजेक्टाइल से निशाना बनाया गया। थाईलैंड के परिवहन मंत्रालय ने बताया कि जहाज पर मौजूद 23 में से 20 क्रू सदस्यों को सुरक्षित बचा लिया गया है। थाई झंडे वाला यह बल्क कैरियर मयूरी नारी संयुक्त अरब अमीरात से रवाना हुआ था। होर्मुज स्ट्रेट से गुजरते समय जहाज के पिछले हिस्से पर हमला हुआ, जिससे इंजन रूम में आग लग गई।

बताया गया है कि तीन लापता क्रू सदस्य उस समय इंजन रूम में ड्यूटी पर थे। कैप्टन के आदेश पर बाकी क्रू ने जहाज छोड़ दिया और लाइफबोट में सवार हो गए। ओमान की नौसेना ने 20 क्रू मेंबर को बचाकर खसाब शहर पहुंचाया। थाईलैंड के अधिकारियों के मुताबिक रॉयल थाई नेवी स्थिति पर नजर रखे हुए है और बचाव अभियान के लिए अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों के साथ मिलकर काम कर रही है।

### स्पेन ने इजराइल से अपना राजदूत हटाया




स्पेन ने इजराइल में अपने राजदूत को औपचारिक रूप से हटा दिया है। सरकार ने एक दिन पहले ही इस कदम को मंजूरी दी थी। मैड्रिड ने पिछले साल सितंबर में राजनयिक तनाव बढ़ने के बाद अपने राजदूत को वापस बुला लिया था। यह विवाद तब और बढ़ गया जब इजराइल के विदेश मंत्री ने स्पेन सरकार के कुछ फैसलों की आलोचना की थी। ये फैसले प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज ने गाजा में हो रही हिंसा को नरसंहार बताते हुए उसकी निंदा करने के बाद घोषित किए थे।

### मिडिल-ईस्ट में जहाजों पर हमलों में दो भारतीयों की मौत

मिडिल-ईस्ट में जारी जंग के बीच व्यापारी जहाजों पर हुए हमलों में दो भारतीयों की मौत हो गई है, जबकि एक व्यक्ति लापता है। यह जानकारी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बुधवार को दी। जायसवाल ने कहा कि भारत सरकार खाड़ी क्षेत्र में रह रहे भारतीय नागरिकों के कल्याण और सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है और स्थिति पर नजर रखे हुए है।

### इजराइली ड्रोन हमले से 2 की मौत

लेबनान में इजराइली ड्रोन हमले में दो लोगों की मौत हो गई। लेबनान की नेशनल न्यूज एजेंसी के मुताबिक यह हमला हबूश और अरबसलिम कस्बों के बीच हुआ। इस ताजा हमले के बाद बुधवार को लेबनान में इजराइली हमलों में मरने वालों की संख्या बढ़कर 21 हो गई है।

### ईरानी प्रोफेसर बोले- होर्मुज स्ट्रेट कई महीने बंद रह सकता है

ईरान के तेहरान विश्वविद्यालय के प्रोफेसर फोआद इजादी ने कहा है कि होर्मुज स्ट्रेट कई महीनों तक बंद रह सकता है। उनका कहना है कि जब तक ईरान को युद्ध से हुए आर्थिक नुकसान की भरपाई नहीं मिलती, तब तक यह जलमार्ग बंद रह सकता है। इजादी ने कहा कि होर्मुज स्ट्रेट वैश्विक ऊर्जा सप्लाई के लिए बेहद अहम है और दुनिया के करीब 20% तेल का ट्रांसपोर्ट इसी समुद्री मार्ग से होता है। उनके मुताबिक इस जलमार्ग को बंद करना युद्ध में ईरान के सबसे शक्तिशाली हथियारों में से एक हो सकता है। उन्होंने कहा कि पिछले 12 दिनों में ईरान को अरबों डॉलर का आर्थिक नुकसान हुआ है और इसकी कीमत चुकानी होगी। इजादी ने चेतावनी दी कि अगर इस नुकसान की भरपाई नहीं होती, तो होर्मुज स्ट्रेट कई महीनों तक बंद रह सकता है।

### ईरान की चेतावनी- तेल 200 डॉलर प्रति बैरल जा सकता है

ईरान ने चेतावनी दी है कि जंग के कारण कच्चे तेल कीमतें 200 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच सकती हैं। तेहरान के खातम अल-अनबिया सैन्य कमांड मुख्यालय के प्रवक्ता इब्राहिम जोलफकारी ने बुधवार को यह बयान दिया।

उन्होंने कहा कि ईरान अब केवल जवाबी हमलों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि विरोधियों के खिलाफ लगातार सैन्य कार्रवाई करेगा। जोलफकारी ने कहा कि ईरान अमेरिका, इजराइल और उनके सहयोगियों तक तेल पहुंचने नहीं देगा। उनके मुताबिक ऐसे देशों की ओर जाने वाले किसी भी जहाज या टैंकर को वैध निशाना माना जाएगा।

**ईरान बोला- कुवैत और बहरीन में अमेरिकी ठिकानों पर मिसाइल-ड्रोन दागे**

ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स ने दावा किया है कि उसने कुवैत और बहरीन में मौजूद अमेरिकी सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया है। संगठन के मुताबिक इन ठिकानों पर मिसाइल और ड्रोन से हमले किए गए। आईआरजीसी के बयान के अनुसार कुवैत में अल-उदैरी हेलीकॉप्टर एयरबेस, मोहम्मद अल-अहमद नौसैनिक बेस और अली अल-सलेम एयरबेस को टारगेट किया गया।

### एनसीईआरटी का चैप्टर बनाने वाली टीम के खिलाफ निर्देश

**नईदिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट एनसीईआरटी के कक्षा 8वीं की सोशल साइंस की किताब में 'करप्शन इन द ज्यूडिशियरी' नाम का सब-चैप्टर तैयार करने वाली टीम को हटाने की तैयारी में है। कोर्ट ने केंद्र सरकार, सभी राज्य सरकारों और पब्लिक फंडेड इंस्टीट्यूशन्स को निर्देश दिया है कि एनसीईआरटी के सोशल साइंस करिकुलम के चेयरपर्सन प्रोफेसर मिशेल डेनिनो को पाठ्यक्रम से अलग करें। इसके अलावा, तीनों को नेक्स्ट जनरेशन टेक्स्टबुक्स को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया से भी अलग किया जाए। प्रोफेसर मिशेल डेनिनो ने अपने 2 सहयोगियों- दिवाकर और आलोक प्रसन्न कुमार के साथ मिलकर कक्षा 8 की एनसीईआरटी सोशल साइंस की किताब के पार्ट-2 में सब-चैप्टर 'करप्शन इन ज्यूडिशियरी' तैयार किया था।

# एमपी में 2 दिन से कमर्शियल सिलेंडर की सप्लाई ठप

## पारंपरिक ईंधन के इस्तेमाल पर जुर्माना, लेकिन इंदौर में अफसर बोले- लकड़ी, कंडे, भट्ठी जलाएं

राष्ट्रबाण | भोपाल | एजेंसी | rashtrabaan.in



**ईरान-इजराइल** युद्ध के असर से मध्य प्रदेश में 2 दिन से कमर्शियल गैस सिलेंडर की सप्लाई ठप है। इस वजह से सबसे ज्यादा संकट होटल-रेस्टॉरेंट इंडस्ट्रीज पर आया है। वहीं, जिन घरों में शादी है, वे टेंशन में हैं। कैटरर्स का कहना है कि ये इमरजेंसी जैसी स्थिति है। जिन घरों में शादी है, वे कैसे होंगी? अकेले भोपाल में ही 20 दिन में एक हजार से ज्यादा शादियां हैं।

होटल, रेस्टॉरेंट कारोबार और शादियों के अलावा सोना-चांदी आभूषण बनाने वाले कारीगरों और रेहड़ी पर भी संकट खड़ा हो गया है। भोपाल सराफा एसोसिएशन के नवनीत अग्रवाल ने बताया कि शहर में करीब 3 हजार कारीगर काम करते हैं। हर कारीगर को महीने में औसतन 3 सिलेंडर की जरूरत होती है। इस हिसाब से सराफा कारोबार में महीने भर में करीब 9 हजार सिलेंडर इस्तेमाल होते हैं, यानी रोजाना लगभग 300 सिलेंडर की जरूरत पड़ती है।

वहीं इंदौर में कमर्शियल सिलेंडर के संकट के बीच खाद्य विभाग के अधिकारी ने लकड़ी, कंडा, भट्ठी जैसे पारंपरिक ईंधन जलाने पर जोर दिया है। फूड कंट्रोलर एमएल मारू ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय समस्या के कारण कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की रोक के बाद मंगलवार को कैटरिंग संगठन की बैठक ली गई थी।

# पीएम बोले- कांग्रेस के युवराज छोटे दायरे में सिमटे : उन्हें विकास नहीं दिखेगा

## खाड़ी देशों में फंसे भारतीयों की सुरक्षा के लिए हमने पूरी ताकत लगाई

राष्ट्रबाण | चेन्नई | एजेंसी | rashtrabaan.in



**पीएम** नरेंद्र मोदी बुधवार को केरलम (केरल) दौरे पर हैं। उन्होंने एर्नाकुलम के कोच्चि में 10,800 करोड़ की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन किया। इसके बाद ह्रष्ठ की एक चुनावी सभा को संबोधित किया। इस दौरान लोकसभा सांसद राहुल गांधी की आलोचना की।

प्रधानमंत्री ने कहा- कांग्रेस के युवराज को यह नहीं पता कि भारत के युवा आज ड्रोन मैन्युफैक्चरिंग में कमाल कर रहे हैं। उन्हें यह भी नहीं पता कि केरल के युवाओं ने ड्रोन विकसित करने के लिए स्टार्टअप शुरू किए हैं। जो व्यक्ति अपने छोटे दायरे में सिमटा हो, उसे देश का विकास कभी नहीं दिखेगा।

पीएम ने कहा- खाड़ी और पश्चिम एशिया में जो कुछ हो रहा है, उसे लेकर लोगों का चिंतित होना स्वाभाविक है, लेकिन आज देश में बीजेपी की सरकार है। जब भी हमारा कोई देशवासी मुसीबत में फंसा है, हमने उसकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अपनी पूरी ताकत लगा दी है।

मोदी ने कहा- चाहे इराक से नर्सों को निकालना हो या यमन में आतंकवादियों के चंगुल से फादर टॉम को छुड़ाना हो, संकट के समय भारत अपने नागरिकों को कभी नहीं छोड़ता। आज भी हमारी कोशिश यही है कि युद्धग्रस्त देशों में फंसे भारतीयों की सुरक्षित निकाला जाए।

खाड़ी में जारी युद्ध ने हमें एक बार फिर आत्मनिर्भरता के महत्व का सबक सिखाया है। हमने देखा है कि कोविड संकट, यूक्रेन संकट और मौजूदा संकट के दौरान आत्मनिर्भर होना कितना जरूरी है। कांग्रेस जानबूझकर भड़काऊ और गैर-जिम्मेदाराना बयान दे रही है ताकि हालात और बिगड़ें। ताकि हमारे लोग उसी संकट में फंसे रहें और फिर ये लोग मोदी को गाली देने वाले रील बनाकर अभियान चला सकें।

# एअर इंडिया एक्सप्रेस फ्लाइट का लैंडिंग के दौरान पहिया निकला : नोज गियर टूटा

## थाइलैंड में हार्ड लैंडिंग, 133 लोग सवार थे

राष्ट्रबाण | बैंकॉक | एजेंसी | rashtrabaan.in



**थाईलैंड** में एअर इंडिया एक्सप्रेस की फ्लाइट बुधवार दोपहर लैंडिंग के दौरान हादसे का शिकार हो गई। विमान के रनवे पर उतरते ही उसका नोज गियर टूट गया और आगे का पहिया अलग हो गया। फ्लाइट हैदराबाद से फुकेट जा रही थी।

थाई अखबार द नेशन के मुताबिक घटना के बाद कुछ समय के लिए रनवे बंद करना पड़ा, हालांकि विमान में सवार सभी 133 यात्री सुरक्षित बाहर निकाल लिए गए और किसी के घायल होने की खबर नहीं है।

यह फ्लाइट तय समय से पहले फुकेट पहुंच गई थी। विमान का निर्धारित लैंडिंग का समय सुबह 11:40 था, लेकिन यह 11:24 बजे ही उतर गया। बताया जा रहा है कि विमान की लैंडिंग काफी तेज हुई, जिसकी वजह से उसके आगे वाले लैंडिंग गियर को नुकसान पहुंचा। पहिया अलग हो जाने की वजह से विमान तुरंत रनवे से हटाया नहीं जा सका।

एयरपोर्ट अधिकारियों ने स्थिति को जल्दी काबू में कर लिया। विमान में सात क्रू सदस्य, 131 यात्री और दो बच्चे सवार थे। इस घटना के बाद फुकेट इंटरनेशनल एयरपोर्ट ने रनवे को अस्थायी रूप से बंद कर दिया।

## 13 साल से कोमा में है बेटा, माता-पिता ने लगाई थी गुहार

# सुप्रीम कोर्ट ने पहली बार इच्छामृत्यु की इजाजत दी

राष्ट्रबाण | नईदिल्ली | एजेंसी | rashtrabaan.in

**सुप्रीम** कोर्ट ने बुधवार को इच्छामृत्यु मामले में एक ऐतिहासिक फैसला सुनाया। कोर्ट ने 13 साल से कोमा में रह रहे 31 साल के युवक हरीश राणा को इच्छामृत्यु (पैसिव यूथेनेशिया) की मंजूरी दे दी। गाजियाबाद के रहने वाले हरीश लाइफ सपोर्ट सिस्टम पर हैं।

देश में इस तरह का यह पहला मामला है। जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस केवी विश्वनाथन की बेंच ने एम्स को निर्देश दिया कि हरीश के लाइफ सपोर्ट सिस्टम को चरणबद्ध तरीके से हटाया जाए। यह प्रोसेस इस तरह से की जानी चाहिए कि मरीज की गरिमा बनी रहे। पैसिव यूथेनेशिया का मतलब होता है कि किसी गंभीर रूप से बीमार मरीज को जिंदा रखने के लिए जो बाहरी लाइफ सपोर्ट या इलाज दिया जा रहा है, उसे रोक दिया जाए या हटा लिया जाए, ताकि मरीज की प्राकृतिक रूप से मौत हो सके। सुप्रीम कोर्ट ने यह फैसला हरीश की मां निर्मला राणा और पिता अशोक राणा की इच्छामृत्यु देने की अपील पर सुनाया।



### हरीश हॉस्टल की चौथी मंजिल से गिरे थे

दिल्ली में जन्मे हरीश राणा चंडीगढ़ की पंजाब यूनिवर्सिटी से बीटेक की पढ़ाई कर रहे थे। 2013 में वह हॉस्टल की चौथी मंजिल से गिर गए। इसकी वजह से उनके पूरे शरीर में लकवा मार गया और वह कोमा में चले गए। वह न कुछ बोल सकते हैं और न ही महसूस कर सकते हैं। डॉक्टर्स ने हरीश को क्वाड्रिप्लेजिया बीमारी से पीड़ित करार दिया। इसमें मरीज पूरी तरह से फीडिंग ट्यूब यानी खाने-पीने की नली और वेंटिलेटर सपोर्ट पर निर्भर रहता है। इसमें रिकवरी की कोई गुंजाइश नहीं होती। 13 साल से बिस्तर पर पड़े होने की वजह से हरीश के शरीर पर बेडसोर्स यानी गहरे घाव बन गए हैं। उनकी हालत लगातार खराब होती जा रही है। यह स्थिति हरीश के लिए बहुत दर्दनाक है। परिवार के लिए उन्हें ऐसे देखना मानसिक रूप से बेहद कठिन हो गया है। वेंटिलेटर, दवाइयों, नर्सिंग और देखभाल पर कई साल से इतना खर्च हो चुका है कि परिवार आर्थिक रूप से टूट चुका है।

बैतूल राष्ट्रबाण

● मुलताई ● बैतूल बाजार ● आमला ● भैंसादंड ● सारणी ● बोरदई ● आठनेर

# बंद पड़ी नल-जल योजना से घोघरा में पेयजल संकट

## ठेकेदार और विभाग की टालमटोल से चार साल से अटकी योजना, ग्रामीणों को नहीं मिल रहा शुद्ध पानी

राष्ट्रबाण बालाघाट | संवाददाता rashtrabaan.in





विकास खंड भीमपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत चोहटा पोपटी के ग्राम घोघरा में सरकार की महत्वपूर्ण नल जल योजना पिछले चार साल से शुरू नहीं हो सकी है। ठेकेदार और लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की लापरवाही के कारण ग्रामीणों को आज तक शुद्ध पेयजल का लाभ नहीं मिल पाया है। जबकि सरकार की यह प्रमुख योजना हर घर तक शुद्ध पेयजल पहुंचाने के उद्देश्य से शुरू की गई थी और जिला प्रशासन भी इसकी समय-समय पर समीक्षा कर सख्त निर्देश देता रहा है, इसके बावजूद जमीनी स्तर पर योजना ठप पड़ी हुई है।

ग्रामीणों और ग्राम पंचायत द्वारा कई बार ठेकेदार से संपर्क किया गया, लेकिन हर बार अलग-अलग बहाने बनाकर काम टाल दिया गया। कभी बिजली विभाग द्वारा कनेक्शन चालू नहीं किए जाने का हवाला दिया जाता है तो कभी अन्य कारण बताकर ग्रामीणों और पंचायत प्रतिनिधियों को गुमराह किया जाता है। इसी कारण ग्रामीण क्षेत्रों में सरकार की योजनाओं का लाभ समय पर नहीं पहुंच पा रहा है।

ग्राम घोघरा की स्थिति यह है कि योजना के तहत बोर में ट्यूबवेल डाला जा चुका है, पाइपलाइन का कार्य भी पूरा हो चुका है और संपवेल भी बनकर तैयार है, इसके बावजूद आज तक योजना चालू नहीं की गई। परिणामस्वरूप गांव के लोगों को मजबूरी में कूआ, बावड़ी और नदी जैसे स्त्रोतों से पानी पीना पड़ रहा है, जिससे बीमारियों का खतरा भी बढ़ रहा है।

गर्मी का मौसम शुरू होते ही गांव में पेयजल की समस्या और गंभीर हो गई है। कई ग्रामीण अपने निजी साधनों से ताप्ती नदी से पानी लाकर घर की जरूरतें पूरी कर रहे हैं। ग्राम पंचायत चोहटा पोपटी के सरपंच रामकिशोर धुर्वे ने बताया कि उन्होंने कई बार ठेकेदार को फोन कर योजना चालू करने के लिए कहा, लेकिन हर बार एक-दो दिन में चालू करने का आश्वासन देकर बात टाल दी जाती है। सरपंच द्वारा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग से भी संपर्क किया गया, लेकिन वहां भी ठेकेदार का हवाला देकर या बिजली कंपनी से परमिट और आदेश नहीं मिलने की बात कहकर मामला टाल दिया जाता है। इस स्थिति से साफ है कि कहीं न कहीं सरकार के आदेशों की अनदेखी की जा रही है, जिसका खामियाजा ग्रामीणों को भुगतना पड़ रहा है।

# सहयोग और सही मार्गदर्शन मिले तो हर बच्चा अपने जीवन में बन सकता है सितारा : आशीष पेंडसे

## फिल्म तारे ज़मीन पर से प्रेरणा बने आशीष पेंडसे को तक्षशिला संस्थान ने किया सम्मानित



राष्ट्रबाण बैतूल | संवाददाता rashtrabaan.in

भोपाल शहर की प्रतिष्ठित संस्था तक्षशिला इंस्टिट्यूट ऑफ चाइल्ड डेवलपमेंट में सितारे ज़मीन पर- संघर्ष से सफलता तक की प्रेरणादायक यात्रा विषय पर एक विशेष प्रेरक और इंटरएक्टिव सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अभिभावकों, विशेषज्ञों, शिक्षकों और छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम में आशीष पेंडसे को संस्थान द्वारा प्राइड ऑफ इन्क्लूसिव एक्सीलेंस अवॉर्ड 2026 से सम्मानित किया गया। आशीष पेंडसे की जीवन यात्रा और संघर्ष से प्रेरित होकर फिल्म तारे ज़मीन पर, में ऐसे बच्चों की चुनौतियों और क्षमताओं को दर्शाया गया था। इस अवसर पर आशीष पेंडसे ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि कठिन परिस्थितियों के बावजूद निरंतर प्रयास, परिवार का सहयोग और आत्मविश्वास व्यक्ति को आगे बढ़ने की शक्ति देता है। कार्यक्रम के दौरान आशीष पेंडसे के माता-पिता ने उनकी जीवन यात्रा का विस्तार से वर्णन किया। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक विकास संबंधी चुनौतियों के बावजूद प्रशिक्षण, शिक्षा, थेरेपी और परिवार के सहयोग से आशीष ने जीवन में महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल कीं। उनकी प्रेरणादायक कहानी ने उपस्थित अभिभावकों में आशा और आत्मविश्वास का संचार किया। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक अनिल कलाधरन कर्नावर ने कहा कि विकासात्मक चुनौतियों वाले बच्चों के लिए समावेशी अवसर और सहयोगी वातावरण तैयार करना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। सही मार्गदर्शन, विशेष शिक्षा और परिवार के सहयोग से हर बच्चा अपनी प्रतिभा के साथ आगे बढ़ सकता है। संस्थान की निदेशक एवं सह-संस्थापक रोली मिश्रा ने कहा कि बच्चों के विकास में प्रारंभिक हस्तक्षेप, जागरूकता और समुदाय का सहयोग अत्यंत महत्वपूर्ण है। सही समय पर थेरेपी, शिक्षा और मार्गदर्शन मिलने पर विशेष आवश्यकता वाले बच्चे भी अपनी क्षमताओं को विकसित कर समाज की मुख्यधारा में आगे बढ़ सकते हैं। उल्लेखनीय है कि तक्षशिला इंस्टिट्यूट ऑफ चाइल्ड डेवलपमेंट विशेष आवश्यकता वाले बच्चों जैसे सीखने में कठिनाई, विकासात्मक विलंब, व्यवहारिक चुनौतियों और न्यूरोडाइवर्स स्थितियों से जुड़े बच्चों के समग्र विकास के लिए कार्य करता है। संस्थान में विशेष शिक्षा, विभिन्न प्रकार की थेरेपी, मनोवैज्ञानिक काउंसलिंग और अभिभावकों के लिए मार्गदर्शन कार्यक्रम संचालित किए जाते हैं। कार्यक्रम का समापन आशीष पेंडसे के सम्मान और प्रतिभागियों के साथ संवाद के साथ हुआ। इस अवसर पर आशीष पेंडसे ने यह संदेश दिया कि यदि अवसर, सहयोग और सही मार्गदर्शन मिले तो हर बच्चा अपने जीवन में एक सितारा बन सकता है।

# सीमित संसाधनों के बीच चार बालिकाओं की बड़ी उपलब्धि, उत्कृष्ट और मॉडल स्कूल में हुआ चयन



राष्ट्रबाण बैतूल | संवाददाता rashtrabaan.in

आदिवासी आनंद ग्राम सिमोरी में प्रथम आओ तिरंगा फहराने का गौरव पाओ योजना से प्रेरित होकर चार बालिकाओं ने उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। सीमित संसाधनों के बावजूद मेहनत और लगन के दम पर भावना कुमरे और करिश्मा धुर्वे का जिला स्तरीय उत्कृष्ट विद्यालय के लिए चयन हुआ है, वहीं साक्षी नागले और वैशाली उइके का मॉडल स्कूल में चयन हुआ है। ग्रामीण क्षेत्र की इन बालिकाओं ने कठिन परिस्थितियों में लगातार पढ़ाई करते हुए यह उपलब्धि हासिल की। कहा भी जाता है कि प्रतिभाएं साधनों की मोहताज नहीं होतीं और सीमित संसाधनों में भी बड़ा लक्ष्य मेहनत और लगन से प्राप्त किया जा सकता है। प्रथम आओ तिरंगा फहराने का गौरव पाओ योजना से मिली प्रेरणा और प्रोत्साहन ने इन बालिकाओं के आत्मविश्वास को नई दिशा दी, जिसका परिणाम अब चयन के रूप में सामने आया है। चयन के बाद अब आगामी गणतंत्र दिवस पर इन बालिकाओं को अपने ग्राम में तिरंगा फहराने का गौरव प्राप्त होगा। उनकी इस सफलता पर ताप्ती आनंद क्लब द्वारा सम्मान किया गया। शाला के शैलेंद्र बिहारिया, ममता गौहर और राधिका पटैया ने भी बालिकाओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# ठेका मजदूरों के आंदोलन स्थल पर प्रशासन की दस्तक

राष्ट्रबाण सारनी | संवाददाता rashtrabaan.in



जिला बैतूल कलेक्टर ऑफिस से आन्दोलन स्थल पर पहुंची अधिकारियों सहित टीम ने मजदूरों से मुलाकात की।श्रम कानूनों के पालन और बकाया वेतन पर जल्द कार्रवाई का मिला आश्वासन,वेस्टर्न कोलफील्ड लिमिटेड (डब्ल्यूसीएल) के पाथाखेड़ा क्षेत्र की कोयला खदानों में ठेका मजदूरों के शोषण और बकाया वेतन को लेकर जारी अनिश्चितकालीन आंदोलन के बीच बुधवार दोपहर प्रशासनिक अमला आंदोलन स्थल पर पहुंचा। लगभग दोपहर 1 बजे जिला कलेक्टर बैतूल के निर्देश पर दो श्रम अधिकारी, नायब तहसीलदार, सारनी थाना प्रभारी तथा डब्ल्यूसीएल प्रबंधन के अधिकारी आंदोलन स्थल पर पहुंचे और मजदूरों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना।

अधिकारियों ने क्षेत्र की तीनों कोयला खदानों में कार्यरत ठेका मजदूरों से मुलाकात कर कथित आर्थिक शोषण, वेतन कटौती और अन्य अनियमितताओं की विस्तृत जानकारी ली। श्रम अधिकारियों ने स्पष्ट रूप से कहा कि श्रम कानूनों के अनुसार ठेकेदार और प्रबंधन की जिम्मेदारी है कि मजदूरों तथा उनके परिवारों को समुचित चिकित्सा सुविधा, दुर्घटना की स्थिति में इलाज और मुआवजा उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने प्रबंधन को इन प्रावधानों का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान आंदोलन का प्रतिनिधित्व कर रहे समाजसेवी प्रदीप नागले और पत्रकार मनोज पवार ने अधिकारियों के समक्ष मजदूरों की प्रमुख मांगें रखीं। उन्होंने कहा कि मजदूरों को उनके हक का पूरा वेतन सीधे बैंक खाते में दिया जाए, भविष्य में एक ही श्रेणी का निर्धारित वेतन समय पर भुगतान किया जाए तथा मजदूरों को अनावश्यक रूप से प्रताड़ित करने वाले ठेकेदारों पर कठोर कार्रवाई की जाए। साथ ही सीएमपीएफ की पासबुक बनाकर अब तक कटे अंशदान का पूरा हिसाब देने की मांग भी रखी गई। मजदूरों ने यह भी कहा कि उनके परिवारों को भी चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं और मजदूरी वापस लेने के लिए किसी प्रकार की प्रताड़ना न की जाए। वहीं मजदूर नेताओं संतोष देशमुख, बाबूलाल भारती, सत्यवान मंडल और धर्मेन्द्र चौरे ने अधिकारियों को बताया कि क्षेत्र में कार्यरत महिला मजदूरों को डरा-धमकाकर वेतन का पैसा वापस लेने के लिए मजबूर किया जा रहा है, जिससे मजदूरों में भारी आक्रोश है। सारनी थाना प्रभारी जयपाल इवनाती ने आंदोलनकारियों को आश्वस्त किया कि दो दिनों के भीतर सभी संबंधित ठेकेदारों के साथ बैठक कर मामले की विस्तृत चर्चा की जाएगी और मजदूरों को उनके हक का वेतन दिलाने के लिए आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान एचआरएम विनायक शंकर, एन. रेड्डी, सुरक्षा अधिकारी प्रधान, श्रम अधिकारी अक्षय बनिया, नायब तहसीलदार संतोष पथोरिया सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे। प्रशासनिक टीम के पहुंचने से मजदूरों को उम्मीद जगी है कि लंबे समय से चल रहे शोषण और वेतन विवाद का समाधान अब जल्द निकल सकता है।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर भीमपुर में जागरूकता




राष्ट्रबाण बैतूल | संवाददाता rashtrabaan.in

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर एकीकृत बाल विकास परियोजना भीमपुर के मंगल भवन में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान रंगोली प्रतियोगिता तथा व्यंजन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को अतिथियों द्वारा पुरस्कार वितरित किए गए। कार्यक्रम में जनपद पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती प्रेमलता कास्दे, स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास समिति की सभापति श्रीमती सुमित्रा इवने तथा मनोनीत जनपद सदस्य मीरकाय बारस्कर विशेष रूप से उपस्थित रहीं। इस अवसर पर सीडीपीओ श्रीमती रामबाई गुबरेले, समस्त पर्यवेक्षक, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाएं भी उपस्थित थीं।

# सेवानिवृत्त एकाउंट क्लर्क आर सी किनकर का निधन

राष्ट्रबाण बैतूल | संवाददाता rashtrabaan.in



सतपुड़ा ताप विद्युत गृह सारणी के सिविल विभाग में एकाउंट क्लर्क के पद से सेवानिवृत्त आरसी किनकर का 9 मार्च को इंदौर में निधन हो गया। उनका जन्म 1 अक्टूबर 1954 को हुआ था। वे वर्ष 1979 में सारणी बिजली घर के सिविल विभाग में सेवा में शामिल हुए थे और 32 वर्षों की सेवा के बाद वर्ष 2014 में सेवानिवृत्त हुए थे। सेवानिवृत्ति के बाद आरसी किनकर अपने पुत्र योगेश किनकर और मंगेश किनकर के पास इंदौर में रह रहे थे। मूल रूप से वे वर्तमान पांढुर्णा जिले के ग्राम सिवनी के निवासी थे। बैतूल जिले के वरिष्ठ पत्रकार रामकिशोर पवार के बहन दामाद आरसी किनकर के ज्येष्ठ पुत्र योगेश किनकर ने उनके जन्मस्थान ग्राम सिवनी में उन्हें मुखाग्नि दी। श्री किनकर की अंतिम यात्रा में बैतूल जिले से उनके स्वजन, परिजन, मित्र और शुभचिंतकों ने शामिल होकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की।

# आठनेर जनपद पंचायत में आरटीआई अपील महीनों से लंबित, आवेदक को नहीं मिला जवाब

## जिला पंचायत से भेजे गए प्रकरण पर भी नहीं हुई सुनवाई, सूचना आयोग जाने की चेतावनी

राष्ट्रबाण बैतूल | संवाददाता rashtrabaan.in

सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए बनाए गए प्रावधानों के बावजूद आठनेर जनपद पंचायत में आरटीआई से जुड़ा एक मामला महीनों से लंबित होने का सामने आया है। आवेदक विशाल भालेकर ने जानकारी प्राप्त करने के लिए आरटीआई आवेदन दिया था, लेकिन निर्धारित समय में जानकारी नहीं मिलने पर उन्होंने नियमों के अनुसार 22 दिसंबर 2025 को जिला पंचायत बैतूल में प्रथम अपील प्रस्तुत की। जिला पंचायत बैतूल के लोक सूचना अधिकारी द्वारा पत्र क्रमांक 764/सू.अधि./2026/17333 दिनांक 06 जनवरी 2026 के माध्यम से यह प्रकरण जनपद पंचायत आठनेर के प्रथम अपीलीय अधिकारी एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी को कार्यवाही के लिए भेजा गया था। पत्र में स्पष्ट निर्देश दिए गए थे कि आवेदन पर आवश्यक कार्यवाही करते हुए आवेदक को जानकारी उपलब्ध कराई जाए और इसकी सूचना जिला पंचायत बैतूल को भी भेजी जाए। इसके बावजूद कई महीने बीत जाने के बाद भी अपील की सुनवाई नहीं होने से सवाल खड़े हो रहे हैं। आवेदक को यह भी नहीं बताया गया कि उसकी अपील स्वीकार की गई है, खारिज की गई है या मामला अभी भी लंबित है। जबकि सूचना का अधिकार कानून में अपीलों के निराकरण के लिए समय सीमा निर्धारित है। आवेदक विशाल भालेकर का कहना है कि यदि शीघ्र ही अपील की सुनवाई कर जानकारी उपलब्ध नहीं कराई गई तो वे इस मामले को मध्यप्रदेश राज्य सूचना आयोग तक ले जाकर जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग करेंगे।

## बीती रात हुआ सड़क हादसा, समाजसेवी रमेश गव्हाडे ने दिखाई तत्परता, निजी वाहन से पहुंचाया अस्पताल

# दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने टक्कर में तीन गंभीर घायल, हालत नाज़ुक होने बैतूल रेफर

राष्ट्रबाण सारनी | संवाददाता rashtrabaan.in





विकासखंड प्रभात पट्टन के रजापुर जोड़ से रैयतवाड़ी रामनगर की ओर जाने वाले सड़क मार्ग पर मंगलवार रात करीब आठ बजे दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। दुर्घटना में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे में ग्राम पंचायत रजापुर के अजाबगढ़ निवासी विजय धुर्वे की हालत अत्यंत नाजुक बताई जा रही है।

घटना के समय वहां से गुजर रहे समाजसेवी और भाजपा कार्यकर्ता रमेश गव्हाडे ने दुर्घटना देख तुरंत 108 एम्बुलेंस को फोन लगाया, लेकिन एम्बुलेंस के पहुंचने में विलंब होने पर उन्होंने तत्परता दिखाते हुए घायल विजय धुर्वे को अपने निजी वाहन से उपचार के लिए शासकीय अस्पताल आठनेर पहुंचाया। इस दौरान गेहूंबारसा निवासी समाजसेवी भरत साहू भी उनके साथ रहे और उन्होंने भी मदद की।

अस्पताल पहुंचाने के साथ ही रमेश गव्हाडे ने घायल विजय धुर्वे के परिजनों को भी घटना की सूचना दी।

डॉक्टरों द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद विजय धुर्वे की हालत अत्यधिक गंभीर देखते हुए उसे शासकीय अस्पताल आठनेर से जिला चिकित्सालय बैतूल रेफर कर दिया गया। दुर्घटना में घायल अन्य दो युवक इटावा निवासी मनोज कुमरे और रवि वाडिया को उनके परिजन निजी वाहन से उपचार के लिए वरुड ले गए। वहां दोनों का इलाज जारी है और उनकी स्थिति पर चिकित्सकों द्वारा निगरानी रखी जा रही है।

# लोक अदालत में बिजली चोरी के 10 लाख रुपए तक के लंबित प्रकरणों के होंगे समझौते

राष्ट्रबाण बैतूल | संवाददाता rashtrabaan.in

आगामी 14 मार्च को आयोजित नेशनल लोक अदालत में बिजली चोरी एवं अन्य अनियमितताओं के प्रकरण को समझौते के माध्यम से निराकृत किया जाएगा। ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने विद्युत उपभोक्ताओं एवं उपयोगकर्ताओं से अपील की है कि विद्युत अधिनियम 2003 धारा 135 के अंतर्गत विद्युत चोरी के लंबित प्रकरणों एवं विशेष न्यायालयों में विचाराधीन प्रकरणों के निराकरण के लिए अप्रिय कानूनी कार्यवाही से बचने हेतु अदालत में समझौता करने के लिए संबंधित बिजली कार्यालय से संपर्क करें।विद्युत वितरण कंपनियों द्वारा धारा 135 के अंतर्गत विद्युत चोरी के बनाए गए लंबित प्रकरण एवं अदालत में लंबित प्रकरणों का निराकरण के लिये निम्नदाब श्रेणी के समस्त घरेलू, समस्त कृषि, 5 किलोवॉट तक के गैर घरेलू एवं 10 अश्व शक्ति भार तक के औद्योगिक उपभोक्ताओं को प्रकरणों में ही छूट दी जाएगी। कंपनी द्वारा आंकलित सिविल दायित्व की राशि पर 30 प्रतिशत एवं आंकलित राशि के भुगतान में चूक किये जाने पर निर्धारण आदेश जारी होने की तिथि से 30 दिवस की अवधि समाप्त होने के बाद प्रते येक छः माही चक्रवृद्धि दर अनुसार 16 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से लगने वाले ब्याज की राशि पर 100 प्रतिशत की छूट दी जाएगी।

राष्ट्रबाण
सिवनी, गुरुवार 12 मार्च 2026

# शहडोल राष्ट्रबाण

● ब्यौहारी ● जयसिंघनगर ● सोहागपुर ● गोहपारु ● बुढार ● जैतपुर

# अवैध रेत उत्खनन पर उठे सवाल, दिनभर दौड़ रहे रेत से भरे ट्रैक्टर

## जयसिंहनगर थाना क्षेत्र में पुलिस की कार्यप्रणाली पर चर्चा, तीन लोगों की तिकड़ी पर संरक्षण के आरोप

राष्ट्रबाण शहडोल| संवाददाता rashtrabaan.in

जिले के जयसिंहनगर थाना क्षेत्र में इन दिनों अवैध रेत उत्खनन को लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म है। स्थानीय लोगों और सूत्रों की माने तो क्षेत्र में कुछ लोगों द्वारा खुलेआम अवैध रेत का उत्खनन और परिवहन किया जा रहा है। दिनभर सड़कों पर रेत से भरे ट्रैक्टरों की आवाजाही देखी जा सकती है, जिसके बावजूद पुलिस की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नजर नहीं आ रही है। ऐसे में पुलिस की कार्यप्रणाली को लेकर सवाल उठने लगे हैं।



### इन नामों की हो रही चर्चा

जानकारों की माने तो जयसिंहनगर क्षेत्र के गिरूई बड़ी में माइकल का नाम अवैध रेत उत्खनन से जोड़ा जा रहा है। बताया गया है कि वह दो ट्रैक्टरों के माध्यम से रेत का परिवहन कर रहा है। वहीं शेरू नामक व्यक्ति के बारे में भी कहा जा रहा है कि वह दो ट्रैक्टरों से रेत ढुलाई में लगा हुआ है। इसके अलावा मंटू नाम का एक अन्य व्यक्ति भी इस कारोबार में सक्रिय बताया जा रहा है। क्षेत्र में यह भी चर्चा है कि इस पूरे मामले में थाने में कथित रूप से लाखों रुपये के लेनदेन की बातें भी सामने आ रही हैं हालांकि इन दावों की कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

### शासकीय कर्मचारी और जनप्रतिनिधियों के नाम भी चर्चा में

सूत्रों की माने तो इस अवैध कारोबार में कुछ शासकीय कर्मचारियों और जनप्रतिनिधियों की संलिप्तता की भी चर्चा क्षेत्र में हो रही है। चंदेला क्षेत्र के एक पांडेय जी का नाम भी लोगों की बातचीत में सामने आ रहा है। बताया गया है कि उनकी गाड़ियां भी इस कार्य में लगी हुई हैं। इसके अलावा एक पूर्व मंडल अध्यक्ष सहित कुछ अन्य लोगों के नाम भी चर्चा में हैं। लेकिन इन आरोपों की भी पुष्टि नहीं हो पाई है।

### पुलिस की भूमिका पर उठ रहे सवाल

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि दिनभर रेत से भरे ट्रैक्टर सड़कों पर दौड़ते नजर आते हैं। ऐसे में सवाल उठता है कि यह गतिविधियां पुलिस की नजर से कैसे बच रही हैं। लोगों का मानना है कि यदि प्रशासन सख्ती से कार्रवाई करे तो अवैध उत्खनन पर आसानी से रोक लगाई जा सकती है। फिलहाल इस पूरे मामले को लेकर जयसिंहनगर क्षेत्र में चर्चाएं तेज हैं और पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

### पहले भी सुर्खियों में रहा है थाना

जानकारों की माने तो जयसिंहनगर थाना पहले भी अवैध मादक पदार्थों के मामलों को लेकर चर्चा में रहा है। वहीं वर्तमान में अवैध शराब पैकारी और अवैध उत्खनन जैसे मामलों को लेकर भी क्षेत्र में चर्चाएं हो रही हैं। जानकारों का कहना है कि थाना क्षेत्र राजनीतिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है क्योंकि यहां दो सांसद और दो विधायक का प्रभाव क्षेत्र माना जाता है। हाल ही में थाना प्रभारी ने भी यह कहा था कि दो सांसद और दो विधायकों वाले क्षेत्र का थाना चलाना आसान नहीं है। ऐसे में अब देखना होगा कि उठ रहे आरोपों के बीच पुलिस इस मामले में क्या कार्रवाई करती है और अवैध उत्खनन पर किस तरह लगाम लगाई जाती है।

### महज दिखावा की कार्रवाई

थाना क्षेत्र में अवैध ट्रैक्टर-ट्राली कारोबार तेजी से बढ़ रहा है। जानकारों की माने तो क्षेत्र में लगभग दो दर्जन से अधिक ट्रैक्टर-ट्रालियां इस धंधे में लगी हुई हैं। वहीं स्थानीय पुलिस महज एक-दो ट्रैक्टर पकड़कर खानापूर्ति करती नजर आती है और फिर अपनी कार्रवाई पर संतोष जताती है। आम लोगों का कहना है कि इस गैरकानूनी गतिविधि के कारण सड़कें और परिवेश दोनों ही प्रभावित हो रहे हैं लेकिन इसका कोई ठोस समाधान नहीं निकला है। अधिकारियों की अनदेखी और सतत निगरानी की कमी इस कारोबार को बढ़ावा दे रही है। सवाल उठता है कि आखिर इस अवैध कारोबार पर पूर्ण रूप से लगाम कब लगेगी और कब तक आम जनता को इस समस्या का सामना करना पड़ेगा। क्षेत्रवासियों का कहना है कि पुलिस और प्रशासन मिलकर ठोस कदम उठाएं और कानून का शासन स्थापित करें।

ऑनलाइन गेमिंग का खतरनाक जाल

# युवाओं को फंसाने वाले बैंक खाते, कर्ज और डिजिटल धोखाधड़ी

## मास्टर माइंड का अंतरराज्यीय नेटवर्क

राष्ट्रबाण शहडोल| संवाददाता rashtrabaan.in



जिला मुख्यालय में ऑनलाइन गेमिंग और सट्टेबाजी से जुड़े संदिग्ध नेटवर्क को लेकर एक बार फिर गंभीर सवाल उठने लगे हैं। शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र में सक्रिय इस कथित नेटवर्क पर आरोप है कि बेरोजगार और जरूरतमंद युवाओं को लालच देकर उनके नाम से बैंक खाते खुलवाए जा रहे हैं और बाद में इन्हीं खातों के माध्यम से ऑनलाइन गेमिंग और सट्टेबाजी से जुड़े लेन-देन किए जा रहे हैं। सूत्रों की माने तो इस पूरे खेल में कुछ युवक बिचौलियों की भूमिका निभा रहे हैं। वे आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को कुछ सौ या हजार रुपये देने का लालच देकर उनके नाम से बैंक खाते खुलवाते हैं। बाद में इन्हीं खातों के जरिए ऑनलाइन ट्रांजेक्शन कराए जाते हैं और इसके बदले कमीशन का खेल चलता है। बताया जा रहा है कि इस अवैध गतिविधि में कई स्तरों पर लोगों की भूमिका हो सकती है।

### इन नामों की चर्चा हुई तेज

सूत्रों के अनुसार शहर के सोखी मोहल्ला, सिंधी बाजार, सिंहपुर, स्टेडियम रोड, बस स्टैंड, मोहनराम तालाब और बगिया तिराहा जैसे क्षेत्रों से कुछ युवकों के नाम चर्चा में बताए जा रहे हैं। इनमें ऋतिक, रमन, निहाल, लकी और प्रिंस सोखी मोहल्ला में सक्रिय है, आदित्य एफसीआई क्षेत्र, विक्रम और राज सिंधी बाजार, अनुज खेर माता मंदिर क्षेत्र, राज खेर माता मंदिर, मोनू और आशीष सिंहपुर, शशांक स्टेडियम रोड, अंकित और हर्ष मोहनराम तालाब तथा राज बस स्टैंड सहित अन्य नामों की चर्चा बताई जा रही है। इसके अलावा सूत्रों का यह भी कहना है कि डीके नामक व्यक्ति कथित रूप से बाणगंगा क्षेत्र से इस नेटवर्क से जुड़ी गतिविधियों में भूमिका निभा रहा है।

### नेटवर्क का मास्टर माइंड

जानकारों की माने तो इस पूरे नेटवर्क का मास्टर माइंड पवार हाउस, भिलाई, जबलपुर, भोपाल, दिल्ली और गोआ से बैठ कर इस अवैध कारोबार को अंजाम दे रहा है। इस कारोबार के सूत्रों की माने तो यदि इस नेटवर्क की गहन जांच की जाए तो इसके तहत कई बेनाम और छुपी हुई संपत्तियां भी उजागर होंगी।

### मोबाइल में कैद सब

जानकारों की माने तो ऑनलाइन गेमिंग और सट्टेबाजी से जुड़े इस नेटवर्क की सभी गतिविधियाँ मोबाइल फोन और डिजिटल लेन-देन के जरिए रिकॉर्ड की जा रही हैं। संदिग्ध बिचौलियों और युवाओं के खाते, ट्रांजेक्शन, कॉल और मैसेज की जानकारी भी मोबाइल में संचित रहती है। इससे किसी भी संदिग्ध लेन-देन या वित्तीय धोखाधड़ी का पता तुरंत लगाया जा सकता है। सूत्रों की माने तो इस डिजिटल साक्ष्य के माध्यम से पूरे नेटवर्क की पहचान और उसके मास्टर माइंड तक पहुंचना आसान हो सकता है, जिससे अवैध कारोबार पर कड़ी कार्रवाई संभव है।

### कर्ज और लत ने उजाड़ा एक परिवार

हाल ही में शहर में घटी एक दर्दनाक घटना ने पूरे मामले को और गंभीर बना दिया है। ऑनलाइन गेमिंग की लत और कर्ज के दबाव में डूबे एक व्यक्ति ने पूरे परिवार को जहर पिलाकर मौत को गले लगा लिया। इस घटना में पिता, पत्नी और बेटी की मौत हो गई। इस त्रासदी से पूरा परिवार उजड़ गया और पूरे शहर में शोक और आक्रोश का माहौल है।

### पुलिस कार्रवाई की उठी मांग

स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते पुलिस और प्रशासन ने इस तरह के नेटवर्क पर सख्ती नहीं दिखाई तो यह समस्या और बढ़ सकती है। ऑनलाइन गेमिंग की आड़ में साइबर ठगी, अवैध सट्टेबाजी और मनी लॉन्ड्रिंग जैसी गतिविधियों की आशंका भी जताई जा रही है। वहीं कोतवाली पुलिस से मांग की है कि संदिग्ध बैंक खातों, मोबाइल कॉल रिकॉर्ड और ऑनलाइन लेन-देन की गहन जांच कर इस पूरे नेटवर्क का खुलासा किया जाए ताकि युवाओं को इस जाल से बचाया जा सके और भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकी जा सके।

# अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा संकट का असर, शहडोल में गैस संकट गहराया



राष्ट्रबाण शहडोल| संवाददाता rashtrabaan.in

जिले के कई इलाकों में घरेलू रसोई गैस (एलपीजी) की भारी किल्लत ने आम लोगों की परेशानियाँ बढ़ा दी हैं। बुधवार सुबह गैस एजेंसियों के सामने लंबी कतारें लगी रहीं लेकिन कई परिवार सिलेंडर पाने में असफल रहे। स्थानीय महिला ने कहा दो दिन से रसोई गैस नहीं मिली। लकड़ी पर खाना बनाना मुश्किल है और बच्चों को समय पर खाना देना भी चुनौती बन गया है। विशेषज्ञों की माने तो यह संकट अंतरराष्ट्रीय स्तर पर यूक्रेन-रूस युद्ध के कारण ऊर्जा आपूर्ति में आई गिरावट का असर है। गैस और पेट्रोलियम की कीमतें बढ़ गई हैं, जिससे घरेलू गैस वितरण पर भी दबाव बढ़ा है।

### कतारों में घंटों इंतजार

शहर सेहत जिले के आदिवासी और ग्रामीण इलाकों में लोग सुबह से ही सिलेंडर के लिए लाइन में खड़े रहते हैं। एक स्थानीय होटल संचालक ने कहा कि अगर कमर्शियल सिलेंडर नहीं मिलेगा तो लकड़ी का सहारा लेना पड़ेगा, जिससे ग्राहकों को समय पर भोजन देना मुश्किल हो जाएगा। लकड़ी में कई बार खाना देर से बनता है, अगर लकड़ी का सहारा नहीं तो दुकान बंद रहेगी, जिससे उनके सामने आर्थिक संकट गहरा जाएगा।

### नियंत्रण में है स्थिति

जिला प्रशासन ने स्थिति को गंभीरता से लिया है। खाद्य आपूर्ति अधिकारी ने बताया कि स्टॉक पर्याप्त है और एजेंसियों को सप्लाई नियमित करने के निर्देश दिए गए हैं। लेकिन दूरदराज के इलाकों में अभी भी लोगों को परेशानी हो रही है तो दिखवाते है।

### आम नागरिकों की चिंता

स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से अपील की है हैं कि गैस की सप्लाई स्थायी रूप से सुनिश्चित की जाए। महिलाएं और छोटे व्यवसाय संचालक खास तौर पर प्रभावित हैं। ज्ञात हो कि अगर अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा संकट जारी रहा, तो घरेलू गैस की कीमतें और सप्लाई अस्थिर बनी रह सकती हैं। जिले के लोग उम्मीद कर रहे हैं कि जल्द ही उनके घरों के चूल्हे फिर से जलेंगे।

# आयुष स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार करें : कलेक्टर

राष्ट्रबाण शहडोल| संवाददाता rashtrabaan.in



कलेक्टर डॉ. केदार सिंह की अध्यक्षता में बुधवार को जिला आयुर्वेद चिकित्सालय की रोगी कल्याण समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जिले में आयुष स्वास्थ्य सेवाओं का दायरा और अधिक बढ़ाया जाए तथा योग, प्राणायाम जैसी स्वास्थ्यवर्धक गतिविधियों को प्राथमिकता के साथ संचालित किया जाए। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित आयुर्वेद औषधालयों के माध्यम से संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने के लिए भी प्रयास किए जाएं। बैठक में जिला आयुर्वेद चिकित्सालय के संचालन से जुड़े आय-व्यय विवरण, सेवा शुल्क पुनर्निर्धारण, आवश्यक यंत्र एवं उपकरणों की खरीद, निर्माण एवं मरम्मत कार्य सहित विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा कर आवश्यक निर्णय लिए गए। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि चिकित्सालय में पंचकर्म के दौरान विद्युत आपूर्ति बनाए रखने के लिए इनवर्टर सेट लगाया जाए। इसके साथ ही गर्मी के मौसम को देखते हुए मरीजों को स्वच्छ और ठंडा पेयजल उपलब्ध कराने के लिए एक वाटर कूलर दान के माध्यम से स्थापित किया जाएगा।

## अमृत मित्र महोत्सव में भाग लेने दिल्ली रवाना हुई शहडोल की महिलाएं

**शहडोल।** भारत सरकार के आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा 13 मार्च को भारत मंडपम, नई दिल्ली में आयोजित होने वाले अमृत मित्र महोत्सव में भाग लेने के लिए शहडोल नगरपालिका की पांच अमृत मित्र महिलाएं दिल्ली रवाना हुईं। इस अवसर पर नगरपालिका अध्यक्ष घनश्याम जायसवाल और मुख्य नगरपालिका अधिकारी श्रीमती आशा भंडारी ने चयनित महिलाओं को यूनिफॉर्म प्रदान कर उन्हें शुभकामनाएं दीं। इस राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम में देशभर से चयनित महिला प्रतिनिधि हिस्सा लेंगी और अपने-अपने शहरों में किए जा रहे नवाचारों, अनुभवों तथा सफल कार्यों को साझा करेंगी। गौरतलब है कि अमृत 2.0 योजना के तहत शहडोल नगर में वूमेन फॉर ट्रीज अभियान, जल गुणवत्ता परीक्षण तथा विवेकानंद पार्क के संधारण और प्रबंधन जैसे महत्वपूर्ण कार्यों में स्व-सहायता समूहों की महिलाएं सक्रिय भूमिका निभा रही हैं।

## ग्राम स्तर से जिला स्तर तक कबड्डी प्रतियोगिता से उभरेंगी प्रतिभाएं : सीईओ

राष्ट्रबाण शहडोल| संवाददाता rashtrabaan.in

जिला मुख्यालय स्थित महात्मा गांधी स्टेडियम में राष्ट्रीय ग्रामीण स्वराज अभियान के अंतर्गत एक दिवसीय जिला स्तरीय बालक एवं बालिका वर्ग कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ जयसिंहनगर विधानसभा क्षेत्र की विधायक श्रीमती मनीषा सिंह ने मुख्य अतिथि के रूप में किया। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों द्वारा स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर की गई। इस अवसर पर विधायक मनीषा सिंह ने कहा कि खेलों से खिलाड़ियों में अनुशासन, आपसी समन्वय और सहयोग की भावना का विकास होता है, साथ ही एकाग्रता भी बढ़ती है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खेलो इंडिया तथा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के खेलो एमपी अभियान के माध्यम से खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा निखारने और आगे बढ़ने के लिए बेहतर मंच मिल रहा है। उन्होंने खिलाड़ियों से हार-जीत की चिंता किए बिना अपनी प्रतिभा का श्रेष्ठ प्रदर्शन करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत शिवम प्रजापति ने बताया कि पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा राष्ट्रीय ग्रामीण स्वराज अभियान के तहत पारंपरिक खेलों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ग्राम स्तर से जिला स्तर तक कबड्डी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है।

# चिकित्सकों की तत्परता से महिला को मिली नई जिंदगी

राष्ट्रबाण शहडोल| संवाददाता rashtrabaan.in



जिला चिकित्सालय में चिकित्सकों की तत्परता और त्वरित उपचार से एक गंभीर हार्ट मरीज की जान बचा ली गई। उमरिया जिले के ग्राम अमलिहा पाली निवासी टप्पू बाई यादव को गंभीर हालत में उपचार के लिए जिला चिकित्सालय लाया गया था, जहां डॉक्टरों के प्रयास से उन्हें नई जिंदगी मिली। सिविल सर्जन डॉ. शिल्फी सराफ ने बताया कि टप्पू बाई यादव को भर्ती किए जाने के बाद चिकित्सकों ने उनकी विभिन्न जांचें कराईं। जांच में पता चला कि वह गंभीर हृदय रोग से पीड़ित हैं और उनकी स्थिति काफी नाजुक थी। मरीज की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें तुरंत जिला चिकित्सालय के आईसीसीयू में भर्ती किया गया। चिकित्सकों की टीम ने तत्काल उपचार शुरू करते हुए उन्हें 120 जूल का इलेक्ट्रिक शॉक दिया और आवश्यक आपातकालीन दवाइयां दीं। चिकित्सकों की सतत निगरानी और त्वरित उपचार के परिणामस्वरूप टप्पू बाई की हृदय गति दोबारा सामान्य हो गई और उनकी जान बचा ली गई। फिलहाल टप्पू बाई यादव को जिला चिकित्सालय के आईसीयू में भर्ती कर निरंतर चिकित्सकीय निगरानी में रखा गया है और उनका उपचार जारी है।चिकित्सालय प्रबंधन के अनुसार जिला अस्पताल शहडोल लगातार अपनी बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं के माध्यम से जरूरतमंद मरीजों के लिए उम्मीद और भरोसे का केंद्र बनता जा रहा है। केंद्र और राज्य सरकार भी जरूरतमंद मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है।

## जिला पंचायत सीईओ ने ली अधिकारियों, उद्योग व बैंक प्रतिनिधियों की बैठक

# कुपोषण से निपटने पोषण बैंक बनेगा, सीएसआर से मिलेगी सहायता

राष्ट्रबाण शहडोल| संवाददाता rashtrabaan.in



जिले में गंभीर कुपोषित बच्चों, टीबी से पीड़ित मरीजों और हाई-रिस्क गर्भवती महिलाओं के पोषण स्तर में सुधार के लिए सीएसआर (कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी) मद से पोषण बैंक की स्थापना की जाएगी। इस संबंध में बुधवार को मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत शिवम प्रजापति ने अधिकारियों, बैंकों और औद्योगिक संस्थानों के प्रतिनिधियों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।सीईओ शिवम प्रजापति ने बताया कि जिले में गंभीर कुपोषित बच्चों, एनीमिया से पीड़ित महिलाओं तथा टीबी मरीजों को अतिरिक्त पोषण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सीएसआर मद के सहयोग से पोषण बैंक का गठन किया जाएगा। इसके तहत जरूरतमंद हितग्राहियों को नियमित रूप से पोषण किट उपलब्ध कराई जाएगी, जिससे उनके स्वास्थ्य में सुधार हो सके।उन्होंने निर्देश दिए कि पोषण किट का निर्माण स्व-सहायता समूहों के माध्यम से कराया जाए, ताकि स्थानीय स्तर पर महिलाओं को रोजगार के अवसर भी मिल सकें। साथ ही सभी चिन्हित मरीजों का डिजिटल रिकॉर्ड गूगल ड्राइव पर तैयार करने के निर्देश दिए गए, जिसमें मरीज का नाम, विवरण और पोषण किट वितरण के समय की फोटो अपलोड की जाएगी, जिससे पूरी प्रक्रिया पारदर्शी बनी रहे। सीईओ ने स्वास्थ्य विभाग और महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि चिन्हित मरीजों की हर 14 दिन में नियमित स्वास्थ्य जांच कराई जाए और रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। साथ ही मरीजों के वजन की भी लगातार निगरानी रखने को कहा गया, ताकि पोषण किट का प्रभाव स्पष्ट रूप से देखा जा सके। बैठक में बताया गया कि जिले के सोहागपुर, बुढार, जयसिंहनगर, ब्यौहारी और गोहपारू विकासखंडों में बड़ी संख्या में गंभीर कुपोषित बच्चे, एनीमिया पीड़ित महिलाएं तथा टीबी मरीज चिन्हित किए गए हैं, जिन्हें सीएसआर मद के सहयोग से पोषण सहायता प्रदान की जाएगी। बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश मिश्रा, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग अखिलेश मिश्रा, अग्रणी बैंक प्रबंधक अमित चौरसिया सहित विभिन्न औद्योगिक संस्थानों और बैंकों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# विकसित भारत युवा संसद कार्यक्रम का आयोजन, युवाओं को संविधान और लोकतंत्र का संदेश

राष्ट्रबाण शहडोल| संवाददाता rashtrabaan.in




पं. शंभूनाथ शुक्ल विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना और मेरा युवा भारत (माय भारत) के संयुक्त तत्वावधान में विकसित भारत युवा संसद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कमिश्नर श्रीमती सुरभि गुप्ता और कुलगुरु प्रो. रामशंकर ने मां सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वित कर किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कमिश्नर श्रीमती सुरभि गुप्ता ने कहा कि लोकतंत्र केवल शासन की व्यवस्था नहीं बल्कि नागरिकों की सक्रिय भागीदारी और जागरूकता पर आधारित प्रणाली है। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे संविधान के आदर्शों को आत्मसात कर राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएं। कुलगुरु प्रो. रामशंकर ने कहा कि भारत का लोकतंत्र अपनी विविधता, सहिष्णुता और विचारों की स्वतंत्रता के कारण विश्व में अद्वितीय है। उन्होंने 1975 में घोषित आपातकाल को लोकतंत्र के इतिहास का महत्वपूर्ण अध्याय बताते हुए कहा कि लोकतंत्र की मजबूती केवल संस्थाओं से नहीं बल्कि नागरिकों की सजगता और स्वतंत्र अभिव्यक्ति से सुनिश्चित होती है। प्रो. रामशंकर ने विश्वविद्यालय को ज्ञान, विचार, विवेक और नेतृत्व निर्माण का मंच बताया और युवाओं से आह्वान किया कि वे लोकतांत्रिक मूल्यों को आत्मसात कर विकसित भारत के निर्माण में योगदान दें। कार्यक्रम का उद्देश्य आपातकाल के 50 वर्ष भारतीय लोकतंत्र के लिए सबक जिस पर विद्यार्थियों ने अपने विचार प्रस्तुत किए और भारतीय लोकतंत्र के विभिन्न आयामों पर गंभीर संवाद किया।

नगर पालिका में लूट मची है, राजा बघेल के बयान से सिवनी की सियासत में बवाल

# ये है भाजपा के रहमान डकैत!

## भाजपा खामोश, राजा बघेल के आक्रमण से भाजपा में सन्नटा

सिवनी की राजनीति में कांग्रेस नेता राजा बघेल के तीखे तेवर ने नया सियासी तूफान खड़ा कर दिया है। नगर पालिका के सामने हुए विरोध प्रदर्शन में बघेल ने भाजपा नेताओं पर जमकर हमला बोला और उन्हें 'रहमान डकैत' से तुलना कर दिया। उनके इस बयान के बाद जिले की राजनीति गरमा गई है और भाजपा नेताओं की ओर से फिलहाल कोई स्पष्ट प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।



राजा बघेल, कांग्रेस नेता : तीखे बयानों से भाजपा में मचाई खलबली।

राष्ट्रबाण सिवनी| संवाददाता
rashtrabaan.in

**मध्यप्रदेश** के सिवनी जिले की राजनीति इन दिनों तीखी बयानबाजी के कारण सुर्खियों में है। कांग्रेस नेता राजा बघेल लगातार भाजपा नेताओं पर हमलावर नजर आ रहे हैं और उनके तेवर नरम पड़ने का नाम नहीं ले रहे हैं। 10 मार्च को नगर पालिका के सामने आयोजित विरोध प्रदर्शन के दौरान दिए गए उनके भाषण ने सियासी हलकों में हलचल मचा दी है।

विरोध प्रदर्शन के दौरान मंच से बोलते हुए राजा बघेल ने भाजपा नेताओं के एक कथित सिंडिकेट को 'बहरूपिया' बताते हुए उन पर भ्रष्टाचार और सरकारी धन की लूट के गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने सिवनी विधायक दिनेश राय और नगर पालिका अध्यक्ष ज्ञानचंद सनोड़िया पर भी निशाना साधते हुए उन्हें 'चोर और डकैत' जैसे शब्दों से संबोधित किया।

इसके बाद राजा बघेल ने राष्ट्रबाण को दिए एक इंटरव्यू में भी अपने आरोपों को दोहराया। उन्होंने कहा कि भाजपा के कई नेता 'रहमान डकैत' की तरह काम कर रहे हैं और सरकारी धन की खुली लूट हो रही है। बघेल ने आरोप लगाया कि भ्रष्ट अफसरों को भी राजनीतिक संरक्षण दिया जा रहा है, जिसके कारण नगर पालिका में भ्रष्टाचार पर लगाम नहीं लग पा रही है।

### जनता के पैसों को दुरुपयोग

राजा बघेल ने भाजपा जिलाध्यक्ष मीना बिसेन, सांसद भारती पारधी, सिवनी विधायक दिनेश राय और बरघाट विधायक कमल मर्स्कोले का नाम लेते हुए उनकी तुलना 'रहमान डकैत' से कर दी। उनका कहना था कि भाजपा के इन नेताओं के संरक्षण में नगर पालिका में भ्रष्टाचार चरम पर पहुंच चुका है और विकास कार्यों में भारी अनियमितताएं हो रही हैं।

उन्होंने आरोप लगाया कि नगर पालिका में गुणवत्ताहीन निर्माण कार्य किए जा रहे हैं। सड़क, नाली और अन्य विकास कार्यों में नियमों की अनदेखी की जा रही है, जिससे जनता के पैसे का दुरुपयोग हो रहा है। बघेल ने यह भी कहा कि भाजपा के ही कुछ नेता और कार्यकर्ता अंदरखाने इन भ्रष्टाचारों की शिकायत कर रहे हैं और इसकी पोल खोल रहे हैं।

### ये वह नेता जिनकी तुलना रहमान डकैत से हुई



दिनेश राय
विधायक सिवनी।



भारती पारधी
सांसद।



मीना बिसेन
जिलाध्यक्ष भाजपा।



कमल मर्स्कोले
विधायक बरघाट।



ज्ञानचंद सनोड़िया
नपा अध्यक्ष सिवनी।

### आरोप प्रत्यारोप का दौर तेज

राजनीतिक जानकारों का मानना है कि बघेल का यह बयान आने वाले समय में सिवनी की राजनीति में नई बहस को जन्म दे सकता है। भाजपा नेताओं की तुलना 'रहमान डकैत' से करना एक बेहद आक्रामक राजनीतिक टिप्पणी मानी जा रही है, जिससे दोनों दलों के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर और तेज हो सकता है। वहीं दूसरी ओर कांग्रेस के स्थानीय कार्यकर्ता बघेल के बयान का समर्थन करते हुए नगर पालिका में कथित भ्रष्टाचार की जांच की मांग कर रहे हैं। उनका कहना है कि अगर नगर पालिका में विकास कार्यों में अनियमितता हुई है तो उसकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए।

### आगे क्या होगा...?

अब देखना यह होगा कि भाजपा की ओर से इन आरोपों पर क्या प्रतिक्रिया आती है और क्या यह मामला आगे और ज्यादा सियासी तूल पकड़ता है। फिलहाल राजा बघेल के बयान ने सिवनी जिले की राजनीति में एक नई राजनीतिक चर्चा को जरूर जन्म दे दिया है।

### केवल औपचारिक कार्यवाही

कांग्रेस नेता का आरोप है कि शिकायतें होने के बावजूद सरकार केवल औपचारिक कार्रवाई करती है। उन्होंने कहा कि जांच के नाम पर सिर्फ 'जांच पत्र' जारी किए जाते हैं, जबकि घोटालेबाजों को बचाने का काम किया जा रहा है। बघेल ने आरोप लगाया कि भ्रष्टाचार में शामिल लोगों पर सख्त कार्रवाई करने के बजाय उन्हें संरक्षण दिया जा रहा है। उन्होंने खास तौर पर सिवनी विधायक दिनेश राय पर निशाना साधते हुए कहा कि उनके संरक्षण में नगर पालिका में भ्रष्टाचार का खेल चल रहा है। बघेल ने कहा कि भाजपा नेता भ्रष्टाचार की काली कमाई दोनों हाथों से समेट रहे हैं और जनता के विकास के नाम पर सिर्फ दिखावा किया जा रहा है।


राजा बघेल के इस तीखे बयान के बाद राजनीतिक माहौल और ज्यादा गर्म हो गया है। उनके आरोपों के बाद जब राष्ट्रबाण ने भाजपा नेताओं से संपर्क करने की कोशिश की तो कई नेता फोन उठाने से बचते नजर आए। वहीं सिवनी विधायक दिनेश राय से भी संपर्क नहीं हो सका।

# शिकायत के बाद भी कार्रवाई नहीं !

## भाजपा नेताओ ने दिया मयंक को वसूली का अभयदान?

भाजपा नेताओं के साथ फोटो और करीबी का दावा कर लोगों से पैसे लेने के आरोपों को लेकर मयंक तिवारी इन दिनों चर्चा में है। जमीन का पट्टा दिलाने के नाम पर एक गरीब युवक से 25 हजार रुपये लेने और वापस न करने की शिकायत सामने आने के बाद मामला राजनीतिक गलियारों में चर्चा का विषय बन गया है।

राष्ट्रबाण सिवनी| संवाददाता
rashtrabaan.in



मयंक तिवारी, भाजपा नेता : वसुलीबाजी का पर्याय बना ग्लैमरबाज ठग?



मीना बिसेन, भाजपा जिलाध्यक्ष : मयंक की वसूली कितना कमीशन सेट ?



कमल मर्स्कोले, बरघाट विधायक : बाबा का आशीर्वाद लो, धनदान दो!

**इन** दिनों स्थानीय राजनीतिक हलकों में मयंक तिवारी का नाम काफी चर्चा में बना हुआ है। आरोप है कि वह भाजपा नेताओं के साथ अपनी तस्वीरें और कथित नजदीकियों का इस्तेमाल कर लोगों से पैसे लेकर काम कराने का भरोसा देता है। बताया जा रहा है कि इसी तरीके से वह अपना प्रभाव जमाने और लोगों को प्रभावित करने की कोशिश करता है।

सूत्रों के मुताबिक मयंक तिवारी अक्सर भाजपा नेताओं और पदाधिकारियों के साथ फोटो खिंचवाकर उन्हें सोशल मीडिया पर साझा करता है और खुद को प्रभावशाली बताता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि वह इन तस्वीरों और नेताओं के साथ अपनी कथित नजदीकियों को दिखाकर आम लोगों के बीच अपना राजनीतिक रसूख स्थापित करने की कोशिश करता है।

बताया जाता है कि मयंक का रहन-सहन भी इन दिनों चर्चा का विषय बना हुआ है। लग्जरी गाड़ियों में घूमना, साथ में वीडियो ग्राफर रखना और सोशल मीडिया पर लगातार रील और फोटो पोस्ट करना उसकी दिनचर्या का हिस्सा बन चुका है। बड़े नेताओं के साथ सेल्फी लेना और उसे सोशल मीडिया पर पोस्ट कर अपना प्रभाव दिखाना भी उसके लिए आम बात बताई जा रही है।

इसी बीच एक ऐसा मामला सामने आया जिसने पूरे प्रकरण को और ज्यादा चर्चा में ला दिया है। आरोप है कि मयंक तिवारी ने एक गरीब युवक से जमीन का पट्टा दिलाने के नाम पर 25 हजार रुपये ले लिए। युवक को भरोसा दिलाया गया कि उसके काम को जल्द ही करवा दिया जाएगा, लेकिन काफी समय बीत जाने के बाद भी उसका काम नहीं हुआ।

युवक का कहना है कि जब उसने अपने पैसे वापस मांगे तो उसे टालमटोल किया जाने लगा। आखिरकार परेशान होकर उसने इस मामले की शिकायत भाजपा संगठन के कुछ नेताओं और पदाधिकारियों से की। शिकायत के बावजूद अब तक इस मामले में कोई ठोस कार्रवाई हुई है।

यही वजह है कि अब इस पूरे मामले को लेकर कई तरह की चर्चाएं शुरू हो गई हैं। कुछ लोग सवाल उठा रहे हैं कि यदि किसी व्यक्ति पर इस तरह के आरोप लगे हैं और शिकायत भी की गई है, तो फिर उसके खिलाफ कार्रवाई क्यों नहीं की जा रही है।


स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि आरोप सही हैं तो इस तरह की गतिविधियां पार्टी की छवि को भी नुकसान पहुंचा सकती हैं। लोगों का यह भी कहना है कि राजनीतिक नेताओं के नाम का इस्तेमाल कर अगर कोई व्यक्ति वसूली करता है, तो उस पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं दोहराई न जाएं। वहीं भाजपा संगठन की तरफ से भी इस मामले पर सार्वजनिक रूप से कोई बयान नहीं दिया गया है।

आरोपों के बाद खामोशी इस इशारा करती है की कही भाजपा नेताओं ने ही तो मयंक को वसूली का आशीर्वाद नहीं दिया? शायद यही वजह है की अब तक संगठन मौन है। फिलहाल यह मामला राजनीतिक गलियारों और स्थानीय स्तर पर चर्चा का विषय बना हुआ है। अब देखना यह होगा कि शिकायत के बाद भाजपा संगठन इस मामले में क्या रुख अपनाता है और क्या आरोपों की जांच कर कोई कार्रवाई की जाती है या नहीं।

# खाकी का नहले पे दहला
# शानदार लॉन, शर्मनाक काम!

एमएम ग्रैंड लॉन में चल रहे जुए के फड़ पर पुलिस का छापा, 6 शौकीन दबोचे गए!

राष्ट्रबाण सिवनी| संवाददाता
rashtrabaan.in



**शहर** के आलीशान एमएम ग्रैंड अग्रोहा लॉन में जब किस्मत के पत्ते फेंटे जा रहे थे, तभी खाकी ने ऐसी चाल चली कि जुआरियों के होश उड़ गए। कोतवाली पुलिस ने दबिश देकर न केवल हार-जीत की बाजी पलट दी, बल्कि फड़ पर जमे 6 रईसजादों को रंगे हाथों धर दबोचा।

होटल और लॉन संचालकों को लगता है कि उनके ऊंचे रसूख और बंद दीवारों के पीछे कुछ भी जायज है। एमएम ग्रैंड अग्रोहा लॉन के लुघरवाड़ा क्षेत्र में यह काला खेल धड़ल्ले से चल रहा था। पुलिस ने साफ कर दिया है कि जुए के इस अड्डे की सजा सिर्फ जुआरियों तक सीमित नहीं रहेगी। लॉन संचालक को कड़ा नोटिस थमाया गया है और अब उनके मालिकाना हक के दस्तावेजों की सर्जरी की जाएगी। वही शहर पूछ रहा है कि क्या ये आलीशान लॉन अब अपराध की सुरक्षित पनाहगाह बन रहे हैं?

**पुलिस की सर्जिकल स्ट्राइक:** एसपी सुनील मेहता और एडिशनल एसपी दीपक मिश्रा के कड़े तेवरों ने स्पष्ट कर दिया है कि जिले में सट्टा और जुआ अब बीते जमाने की बात होगी। एसडीओपी सचिन परते के मार्गदर्शन में कोतवाली पुलिस ने मुखबिर की सटीक सूचना पर ऐसी घेराबंदी की कि जुआरियों को ताश के पत्ते छिपाने तक का मौका नहीं मिला।

### पकड़े गए जुआरी

सुमित अग्रवाल, मोनू विश्वकर्मा, सूरज अग्रवाल, कमलेश सूर्या, लकी उर्फ मोहित और अश्विन बघेल। जिनसे जब्ती में 5560 रुपये नगद और ताश की गड्डी। साथ ही लॉन पर शिकंजा कसते हुए संचालक को नोटिस जारी, संपत्ति के कागजों की होगी जांच।

### इन सिंघमों ने बिगाड़ा खेल

इस सफल रेड में निरीक्षक सतीश तिवारी, दयाराम शरणागत, जयदीप सेंगर और उनकी टीम की भूमिका सराहनीय रही। पुलिस की इस मुस्तैदी ने बता दिया है कि चाहे कोई कितना भी बड़ा रसूखदार क्यों न हो, कानून के लंबे हाथों से बचना नामुमकिन है।

## उत्पादक समूहों को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित

**छिंदवाड़ा।** उत्पादक समूहों के सुदृढ़ीकरण एवं व्यवसाय वृद्धि के उद्देश्य से आज जिला पंचायत सभाकक्ष छिंदवाड़ा में जिला छिंदवाड़ा एवं पांढुर्णा के समस्त उत्पादक समूहों के साथ मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री अग्रिम कुमार एवं उप मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री पुरुषोत्तम राजोदिया की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कुमार द्वारा जिले में गठित नए एवं पुराने उत्पादक समूहों की विस्तृत समीक्षा की गई। इस दौरान उत्पादक समूहों को जारी की गई राशि की भी समीक्षा की गई तथा समूहों द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी को दी गई। बैठक में निर्देशित किया गया कि जिला छिंदवाड़ा एवं पांढुर्णा में नए उत्पादक समूहों के लिए सीएलएफ में जारी की गई राशि को तीन दिवस के भीतर संबंधित उत्पादक समूहों को उपलब्ध कराया जाए। साथ ही उत्पादक समूहों को क्षेत्रीय उपलब्धता के आधार पर प्रसंस्करण से जुड़े कार्य करने के सुझाव दिए गए, जिससे उनकी आय में वृद्धि हो सके। समीक्षा के दौरान विकासखंड चौरई के ग्राम हथिनी के उजारा उत्पादक समूह द्वारा मिर्च-मसाला प्रोसेसिंग का कार्य किए जाने की जानकारी अध्यक्ष द्वारा दी गई।

# शिवहरे बंधुओं ने वृद्धाश्रम में बुजुर्गों के साथ मनाई माता-पिता की वैवाहिक वर्षगांठ

राष्ट्रबाण सिवनी| संवाददाता
rashtrabaan.in

**आधुनिकता** की चकाचौंध और उत्सवों पर होने वाली फिजूलखर्ची के बीच, सिवनी के प्रतिष्ठित शिवहरे परिवार ने सेवा और संस्कारों की एक नई मिसाल पेश की है। अशोक नगर बारापत्थर निवासी अर्चना संजय शिवहरे की वैवाहिक वर्षगांठ के अवसर पर उनके सुपुत्रों ने वृद्धाश्रम पहुँचकर बुजुर्गों की सेवा कर इस दिन को यादगार बनाया।

### संस्कारों की पूंजी : फिजूलखर्ची छोड़ सेवा को चुना

श्री शिवहरे के सुपुत्र संकेत विक्की रश्मि शिवहरे एवं डॉ. शुभम डॉ. आयुषी शिवहरे ने अपनी खुशियों को अपनों के साथ होटल या रिसॉर्ट में मनाने के बजाय सहारा वृद्ध आश्रम छिड़िया पलारी रोड के बुजुर्गों के साथ साझा करने का निर्णय लिया। चिकित्सा क्षेत्र से जुड़े होने के कारण शिवहरे परिवार ने बुजुर्गों की सेहत का विशेष ध्यान रखा। इस अवसर पर आश्रम में निवासरत वृद्धजनों के नियमित स्वास्थ्य परीक्षण हेतु महत्वपूर्ण चिकित्सा उपकरण भेंट किए गए, जिनमें शामिल हैं। बीपी मशीन एवं ग्लूकोमीटर, स्टेथोस्कोप, थर्मामीटर, वजन मशीन, फेस मास्क एवं दीवार घड़ी उपकरण भेंट करने के साथ ही सभी बुजुर्गों को फलों का वितरण किया गया और उनका आशीर्वाद लिया गया।

### इनकी रही गरिमामयी उपस्थिति

इस पुनीत कार्य के दौरान मनोज राय, आकाश चौकसे, मोहम्मद जिब्राईल मंसूरी, नन्ही शिवन्या श्री एवं अन्य शुभचिंतक उपस्थित रहे। साथ ही समाज के प्रबुद्ध जनों ने शिवहरे परिवार के इस निस्वार्थ प्रयास की सराहना करते हुए इसे युवा पीढ़ी के लिए एक मार्गदर्शक संदेश बताया है। शिवहरे बंधु ने कहा माता-पिता द्वारा दिए गए संस्कार ही हमारी असली पूंजी हैं। उनके विशेष दिन पर बुजुर्गों की सेवा और उनका आशीर्वाद प्राप्त करने से बड़ा कोई उपहार नहीं हो सकता।

कप्यूटर वर्ल्ड
सेल्स एंड सर्विस
लैपटॉप, कम्प्यूटर, सी.सी.टी.वी कैमरा, होम थियेटर, प्रिंटर, लेमिनेशन, फोटो कॉपियर, नेटवर्किंग, प्रोजेक्टर, कॉर्टरेज रिफलिंग
संपूर्ण कम्प्यूटर ऐससरीज उपलब्ध
पुराने कम्प्यूटर व लैपटॉप उपलब्ध
संपर्क- बैनगंगा कॉम्प्लेक्स, बस स्टैंड, सिवनी, मो.न.-9302833332

ARPIT TVS
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करे
7898723789
Infront of Reliance Petrol-pump, Jabalpur Road, Jyarat Naka, Seoni 480661 (M.P)


स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक संजय बघेल द्वारा श्री सिद्धिविनायक प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 26-बी, देशबंधु परिसर, प्रेस कॉम्पलेक्स, जोन-1, एमपी नगर भोपाल म.प्र से मुद्रित कराकर शिवनगर कॉलोनी सड़क मोहल्ला मरझोर जिला सिवनी से प्रकाशित।
RNI NO.: MPHIN/2015/72804 , **संपादक*** **संजय बघेल** पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। समस्त विवादों का निपटारा न्यायालयीन क्षेत्र सिवनी होगा। E-mail: rashtrabaan@gmail.com. mob: 7000427433